आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शनिवार 04.05.2024
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में वनाग्नि की घटनाओं पर एक सप्ताह के भीतर प्रभावी नियंत्रण के वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश दिए।
- मुख्यमंत्री ने गर्मियों के मौसम में राज्य की जनता को बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलबध कराने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी करने को कहा।
- राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल आयोजित होने वाली परीक्षा–नीट की सभी तैयारियां पूरी की।
- मसूरी–देहरादून मोटर मार्ग पर एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु।
- चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण आठ मई से शुरू होंगे।

वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक –वनाग्नि

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश के जंगलों में लगी आग के प्रभावी नियंत्रण के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारियां तय करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने मुख्यालय स्तर पर तैनात सभी अधिकारियों को प्रभागों की जिम्मेदारी बांटने और इन सभी से नियमित रिपोर्ट लेने को भी कहा है। मुख्यमंत्री ने आज नई दिल्ली से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश में वनाग्नि, पेयजल समस्या, आगामी चारधाम यात्रा और विद्युत आपूर्ति के संबंध में शासन के वरिष्ठ अधिकारियों व सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री ने सभी संबंधित विभागों को जंगलों में लगी आग को नियंत्रित करने के लिए आपसी समन्वय के साथ काम करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि वनाग्नि के मामले में एक सप्ताह में सकारात्मक परिणाम नजर आएंगे। मुख्य सचिव ने बताया कि जंगलों में लगने वाली आग का मुख्य कारण पिरूल है और इसके निस्तारण के लिए राज्य सरकार ने एनटीपीसी के साथ अनुबंध किया है। एनटीपीसी ने राज्य से पिरूल लेना शुरू भी कर दिया है। ऐसे में आगामी समय में यह भी आग लगने से बचाव में कारगर साबित होगा।

वीडियो कांफ्रेंसिंग बैठक –चारधाम यात्रा/पेयजल

मुख्यमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा के शुरूआती पन्द्रह दिन चुनौतीपूर्ण हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा के सुगम संचालन के लिए पहले ही आवश्यक दिशा–निर्देश जारी किए जा चुके हैं। श्री धामी ने पुलिस महानिदेशक को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की मदद के लिए आवश्यक व्यवस्था करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारियों के यात्रा मार्गों पर साफ–सफाई की व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने को भी कहा गया।

बैठक के दौरान मुख्यमंत्री ने गर्मियों के मौसम में बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराने पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने अधिकारियों को इसके लिए अभी से समुचित तैयारियां पूरी करने को कहा। जल संरक्षण को चुनौती बताते हुए श्री धामी ने सभी सरकारी भवनों में वर्षा जल संचयन सौर ऊर्जा के इंतजाम करने के निर्देश दिए।

पेयजल सचिव अरविंद सिंह ह्यांकी ने बताया कि राज्य में कुल 317 गांव व शहरी क्षेत्रों में 148 मोहल्ले चिन्हित किये गए हैं जहां पेयजल की समस्या है। इन क्षेत्रों में विभिनन माध्यमों की मदद से पेयजल आपूर्ति

की जा रही है। सबसे ज्यादा पेयजल से जुड़ी शिकायतें देहरादून, नैनीताल, पिथौरागढ़, डीडीहाट, कोटद्वार, चम्पावत से मिली हैं।

नीट परीक्षा

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी– एनटीए ने चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए कल आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा–नीट के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। यह परीक्षा देशभर के पांच सौ 57 शहरों और देश से बाहर 14 शहरों के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होगी। इस परीक्षा में 24 लाख से अधिक परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम पांच बजकर बीस मिनट तक चलेगी।

दुर्घटना

मसूरी–देहरादून मोटर मार्ग पर आज सुबह झड़ीपानी के पास एक सड़क दुर्घटना में पांच लोगों की मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना में एक युवती गंभीर रूप से घायल है। वाहन में छह लोग सवार थे। पुलिस के अनुसार वाहन में सवार चार युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि दो घायल युवतियों को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहाँ उनमें से एक युवती की इलाज़ के दौरान मृत्यु हो गई। वहीं, अन्य गंभीर रूप से घायल युवती की नाजुक हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेन्टर रैफर किया गया है। सभी कार सवार देहरादून के एक शिक्षण संस्थान के विद्यार्थी हैं। दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

ऑफलाइन पंजीकरण

प्रदेश में चारधाम यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण आठ मई से शुरू होंगे। यात्रा के लिए अभी ऑनलाइन पंजीकरण व्यवस्था जारी है। उत्तराखंड पर्यटन विभाग ने बताया कि श्रद्धालुअ आठ मई से ऋषिकेश और हरिद्वार में यात्रा पंजीकरण कार्यालय व ट्रांजिट कैम्प पर ऑफलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे। प्रत्येक धाम के लिए प्रतिदिन ऑफलाइन पंजीकरण की सीमा ऋषिकेश में एक हजार और हरिद्वार में पांच सौ निर्धारित की गई है। श्रद्धालु चारों धामों की यात्रा के लिए पंजीकरण काउन्टरों पर अधिकतम तीन दिनों के लिए पंजीकरण करवा सकते हैं।

रिवर राफ्टिंग

चमोली जिले में अलकनंदा नदी की लहरों पर साहसिक खेलों के शौकीन पर्यटक, रिवर राफ्टिंग का आनंद उठा रहे हैं। तीर्थाटन के साथ ही साहसिक पर्यटन के लिए जिला प्रशासन द्वारा देवलीबगड़ से कालदूबगड तक अलकनंदा नदी में राफ्टिंग कराई जा रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही राफ्टिंग के रोमांच के लिए सैलानी यहां पहुंचने लगे हैं। जिला पर्यटन अधिकारी बृजेन्द्र पांडेय ने बताया कि अलकनंदा नदी पर देवलीबगड़ से कालदूबगड़ तक पांच किलोमीटर के क्षेत्र में राफ्ट व्यवसायियों के माध्यम से राफ्टिंग संचालित की जा रही है। पर्यटन विभाग की ओर से पूर्व में रिवर राफ्टिंग के लिए प्रशिक्षण के साथ फर्मों को लाइसेंस दिया गया है। राफ्टिंग के दोनों प्वाइंट्स पर राफ्टिंग डेक का निर्माण के साथ राफ्ट व्यवसायियों को हरसंभव सहयोग भी प्रदान किया जा रहा है।

जल संरक्षण

देहरादून जिला प्रशासन ने शहर में पानी से जुड़ी समस्याओं के समाधान और पानी की बर्बादी से बचने के लिए जल शक्ति अभियान शुरू किया है। इसके तहत जिले में कोई भी व्यक्ति पेयजल से जुड़ी शिकायतों को जिला प्रशासन तक पहुंचाने के लिए टोल फ्री नंबर 18001802525 अथवा 18001804109 पर कॉल कर सकता है।

बैठक

हरिद्वार जिले में निर्धारित रूट के अतिरिक्त अन्य स्थानों पर चलने वाले ई–रिक्शा चालकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी धीराज सिंह गर्ब्याल ने इस संबंध में पुलिस, राजस्व और परिवहन विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये हैं। चारधाम यात्रा के दौरान जाम की स्थिति से बचाव पर जोर देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को और अधिक बेहतर बनाने के लिए ट्रैफिक प्लान बनाया जाए, ताकि यातायात व्यवस्था को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाया जा सके।